दिनांक 12 अप्रैल 2022 स्वच्छ एवं सुंदर भिलाई

महापौर नीरज पाल एवं निगम आयुक्त प्रकाश सर्वे के निर्देश पर प्रभावित परिवारों के लिए हुई टीन शेड की व्यवस्था, कपड़े का पूरा सेट, बर्तन सेट जैसे दैनिक जरूरत की व्यवस्था की भी है पूरी तैयारी, प्रभावितों के लिए पूरे इंतजाम देखने पहुंचे मेयर एवं कमिश्नर

भिलाई नगर/ 9 अप्रैल को सूर्या नगर की बस्ती में आग लगने के बाद से निगम प्रशासन प्रभावित परिवार को राहत देने जुटा हुआ है। महापौर नीरज पाल एवं निगम आयुक्त प्रकाश सर्वे लगातार बस्ती के पुनः व्यवस्थापन के लिए मौके पर रहकर ही सभी तरह से प्रयास कर रहे हैं। इधर महापौर नीरज पाल के निर्देश से निगम प्रशासन ने बांस , बल्ली उपलब्ध कराने के बाद प्रभावित परिवारों को टीन शेड की भी व्यवस्था कर दी है, विगत रात्रि को महापौर की मौजूदगी में टीन शेड बस्ती में पहुंच गई। लगभग 2000 टीन शेड की व्यवस्था की गई है। आग लगने के बाद से सबसे ज्यादा जरूरी व्यवस्था प्रभावितों को फिर से अपना आशियाना तैयार करने की थी , महापौर नीरज पाल ने इन आवश्यकताओं को समझते हुए और प्रभावितों से मिलकर उनसे बात करके उनकी आवश्यकता के अनुरूप सुविधा मुहैया कराया है। वही नाश्ता, भोजन, पानी से लेकर तमाम जरूरी व्यवस्थाएं स्पॉट पर ही की जा रही है। सूर्या नगर बस्ती में अधिकतर स्थानों पर बांस , बल्ली लगाया जा चुका है , इन सभी प्रभावित परिवारों के लिए टीन शेड का वितरण आज महापौर की मौजूदगी में हुआ , ताकि पूर्ण रूप से प्रभावित परिवार अपना घर खड़ा कर सकें। बास और बल्ली के सहारे लगभग 95% स्ट्रक्चर सूर्या नगर में खड़ा हो चुका है। प्रभावित परिवारों के लिए गद्दा , तकिया, चादर, पंखा, गैस चूल्हा, गिलास, थाली, लोटा बाल्टी, महिलाओं तथा पुरुषों के लिए कपड़े का पूरा सेट और भी जरूरत की चीजों को देने की तैयारी की जा रही है , प्रभावित परिवारों को उनकी आवश्यकता को देखते हुए राहत सामग्री के पूरे किट की तैयारी की जा रही है। जिसका जायजा महापौर नीरज पाल एवं आयुक्त प्रकाश सर्वे ने लिया। इस दौरान अपर आयुक्त अशोक द्विवेदी मौजूद रहे। इधर लगातार सूर्या नगर में महापौर नीरज पाल, निगम आयुक्त प्रकाश सर्वे, एमआईसी मेंबर एकांश बंछोर, मदर टेरेसा नगर के जोन अध्यक्ष संतोष नाथ सिंह उर्फ जालंधर , पार्षद इंजीनियर सलमान, उपायुक्त सुनील अग्रहरि, जोन आयुक्त येशा लहरें आदि प्रभावित परिवारों के पुन: व्यवस्थापन के लिए दिन-रात मौके पर डटे हुए हैं। प्रभावित परिवारों को मुआवजा देने के लिए लगभग सर्वे का कार्य पूर्ण हो चुका है , आधार कार्ड एवं राशन कार्ड फिर से बनाने के लिए कैंप लगाकर दस्तावेज तैयार किए जा रहे हैं। प्रभावित परिवारों को हर संभव मदद करने के लिए सारे प्रयास किए जा रहे हैं। महापौर के अपील के बाद

इधर समाजसेवी आगे बढ़कर प्रभावित परिवारों की मदद करने के लिए आगे आ रहे हैं। निगम इन सभी समाजसेवियों को प्रभावित परिवारों की मदद के लिए धन्यवाद ज्ञापित करता है।